# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनाँक- 25.06.2025**

- **थाना रसूलाबाद पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) ने कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि ₹ 45,000 को वापस कराया।**
- **आवेदक से क्रेडिट कार्ड के रिवार्ड पॉइंट को खाते में ट्रान्सफर करने की बात कहकर आवेदक से ओ.टी.पी. प्राप्त कर फ्रॉड किया गया था।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियंत्रण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता वीरेश चन्द्र गुप्ता पुत्र श्री रामसनेही निवासी वार्ड नम्बर 10 कबीर नगर, कस्बा व थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात के द्वारा दिनांक 19.10.2024 को उनके क्रेडिट कार्ड के रिवार्ड पॉइंट को बैंक खाते में ट्रान्सफर करने की बात कहकर शिकायतकर्ता से ओ.टी.पी. प्राप्त कर 46,056 रुपये का फ्रॉड करने की शिकायत एन.सी.आर.पी. पोर्टल पर की गयी थी। उक्त शिकायत पर जांच एवं कार्यवाही के क्रम में थाना रसूलाबाद पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा शिकायतकर्ता की धनराशि ₹ 45,000 को खाते में वापस कराया गया। पुलिस की कार्यवाही की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए शिकायतकर्ता ने थाना रसूलाबाद पुलिस का धन्यवाद दिया।

**खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।**

**वापस करायी गयी धनराशि-**

**₹ 45,000/-**

**धनराशि वापस कराने वाली पुलिस टीम-**

थाना रसूलाबाद पुलिस टीम